Name: Dipesh Dibra
Occupation: Junior Assistant
Address: Office of the Deputy commissioner, Baksa
District: Baksa Pin: 781372
Phone No: +91 8638254115
Email:
Date of Birth: 13041983 Date of Writing: 17112022

असम या आसाम पूर्वोत्तर भारत में एक बेहद ही उपजाऊ, खुबसूरत और महत्वपूर्ण राज्य है। चारों ओर से सुरम्य पर्वत श्रेणियों से घिरे इस राज्य का क्षेत्रफल 78,438 वर्ग कि.मी है। इसे 26 जनवरी 1960 को राज्य का दर्जा दिया गया। पूर्वोत्तर भारत के इस राज्य पर साल 1225 से लेकर 1826 तक आहोम साम्राज्य का शासन था। इसी असम की पवित्र जन्मभूमि में सन 1622, 24 नवंबर में लाचित बरफूकन का जन्म (चाउ लासित फुकन-लुंग) चराइडोई में हुआ था। लाचित बरफूकन आहोम साम्राज्य के एक सेनापति और बरफूकन थे, जो कि सन 1671 में हुई सराईघाट की लड़ाई में अपनी नेतृत्व-क्षमता के लिए जाने जाते हैं, जिसमें असम पर पुन: अधिकार प्राप्त करने के लिए रामसिंह प्रथम के नेतृत्व वाली मुगल सेनाओं का प्रयास विफल कर दिया गया था। लाचित बरफुकन (एक ताई-अहोम पुजारी) का चौथा पुत्र था। उनका धर्म फुरेलुंग अहोम था। लाचित बरफुकन ने मानविकी, शास्त्र और सैन्य कौशल की शिक्षा प्राप्त की थी।

उन्हें अहोम स्वर्गदेव के ध्वज वाहक (सौलधर बरुआ) का पद, निज-सहायक के समतुल्य एक पद, सौंपा गया था जो कि किसी महत्वाकांक्षी कूटनीतिज्ञ या राजनेता के लिए पहला महत्वपूर्ण कदम माना जाता था।

(समाप्त):

The Participant may add additional pages on his/her own